पंजाब केसरी 31/01/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

अम्बाला, 30 जनवरी (बलराम): राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अम्बाला छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के गांधी स्टडी सैंटर एंड म्यूजियम तथा इतिहास विभाग द्वारा एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कॉलेज परिसर में स्थापित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके उनके अहिंसा, सत्याग्रह और स्वदेशी के आदर्शों को याद किया गया।

अपने व्याख्यान में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने महात्मा गांधी के जीवन एवं सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से गांधीवादी विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। गांधी स्टडी सैंटर एंड म्यूजियम के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सैनी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके स्वावलंबन और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भजन, नाटक और निबंध प्रस्तुत कर बापू की शहादत 30 जनवरी 1948 को याद किया। इस अवसर पर महात्मा गांधी जी की याद में 2 मिनट का मौन भी रखा गया। एन.एस.एस. इकाई के छात्रों ने सफाई अभियान चलाया, जो गांधी जी के स्वच्छता मिशन को समर्पित था। कार्यक्रम का समापन सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें सभी ने शहीदी दिवस पर एकजुट होकर राष्ट्रभक्ति का संकल्प लिया। यह आयोजन कॉलेज के विद्यार्थियों में देशप्रेम और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।